भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2520**

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

## कर्नाटक में केआईएस का कार्यान्वयन

**2520. श्री सागर ईश्वर खंड्रे:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत कर्नाटक के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का कर्नाटक में विशेषकर बीदर के ग्रामीण और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित जिलों के खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए कोई विशेष कार्यक्रम है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) कर्नाटक में उक्त योजना के अंतर्गत किन खेल विधाओं के लिए सहायता प्रदान की जा रही है और क्या स्वदेशी खेल इसमें शामिल हैं;

(घ) कर्नाटक में उक्त योजना के अंतर्गत मान्यता प्रदत्त या प्रोत्साहित किए गए स्वदेशी खेलों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या कर्नाटक के विशेषकर बीदर में खेल अवसंरचना के विकास या उन्नयन हेतु कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) बीदर में स्वीकृत अवसंरचना या सुविधाओं का ब्यौरा क्या है और बीदर सहित कर्नाटक में कार्यरत खेलो इंडिया केंद्रों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (च) : खेलो इंडिया स्कीम (केआईएस) एक मांग आधारित स्कीम है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत कर्नाटक के प्रत्येक जिले में कम से कम एक खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) स्थापित किया गया है और इस प्रकार स्कीम के अनुसार प्रत्येक जिले में एक केंद्र के प्रावधान के तहत बीदर जिला सहित सभी जिलों को कवर किया गया है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत कर्नाटक राज्य

सहित देशभर में अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं, उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण इस मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। कर्नाटक के बीदर जिले सहित देशभर में अन्य खेल सुविधाओं जैसे कि खेलो इंडिया केन्द्र (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमी (केआईएए) का विवरण इस मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय कर्नाटक राज्य सहित देश के ग्रामीण और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित जिलों के खिलाड़ियों की पहचान करने और उनकी सहायता करने सहित देश में खेलों के संवर्धन के लिए निम्नलिखित स्कीमों को कार्यान्वित करता है:

(i) खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों  को सहायता;
(iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार ;
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ी को पेंशन;
(vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में  उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम के 'ग्रामीण और देशज/जनजातीय खेलों का संवर्धन' उप-घटक देश में विशेष रूप से ग्रामीण और देशज खेलों के विकास और संवर्धन के लिए समर्पित है। इस घटक के तहत मल्लखंब, कलारीपयट्टू, गतका, थांग-ता, योगासन और सिलंबम जैसे देशज खेलों को संवर्धन के लिए चिन्हित किया गया है और इन्हें खेलो इंडिया गेम्स का हिस्सा बनाया गया है।

खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना का सृजन और उन्नयन" घटक के तहत, इस मंत्रालय को कर्नाटक राज्य सरकार से निम्नलिखित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं:

i) अटल बिहारी वाजपेयी लेआउट, शिवमोगा में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण
ii) नवनगर, हुब्बल्ली नगर, धारवाड़ जिले में बहुउद्देशीय इनडोर स्टेडियम का निर्माण
iii) नवालुर, धारवाड़ नगर में बहुउद्देशीय इनडोर स्टेडियम का निर्माण
iv) जिला स्टेडियम, कोप्पल में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना

v) हल्याल, कारवार, उत्तर कन्नड़ जिले में बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का निर्माण
vi) मुड्डेबिहल तालुक, विजयपुरा जिले में स्विमिंग पूल का निर्माण
vii) मुड्डेबिहल तालुक, विजयपुरा जिले में बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का निर्माण
viii) हेजामड़ी, कापु तालुक, उदयपुर जिले में बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का निर्माण
ix) सालिग्राम, ब्रह्मवारा तालुक, उदयपुर जिले में बारहमासा स्विमिंग पूल (50 मी x 25 मी) का निर्माण
x) सालिग्राम, ब्रह्मवारा तालुक, उदयपुर जिले में बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का निर्माण
xi) तालुक स्टेडियम, टिपटूर में प्राकृतिक फुटबॉल मैदान का निर्माण
xii) तालुक स्टेडियम, टिपटूर में 400 मी सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना
xiii) जिला स्टेडियम, बागलकोट जिले में स्वीमिंग पूल का निर्माण
xiv) जिला स्टेडियम, कोप्पल में आरसीसी ड्रेन, लॉन्ग जंप, सैंड पिट और वॉटर जंप का निर्माण
xv) तालुक स्टेडियम, रबकवी बन्हाट्टी, बागलकोट जिले में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना
xvi) तालुक स्टेडियम, चल्लकेरे, चित्रदुर्ग जिले में सिंथेटिक हॉकी टर्फ का निर्माण और स्थापना
xvii) ओनाके ओबावा स्टेडियम, चित्रदुर्ग जिले में बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का निर्माण
xviii) तालुक स्टेडियम, हिरियुर, चित्रदुर्ग जिले में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण और स्थापना
xix) तालुक स्टेडियम, हिरियुर, चित्रदुर्ग जिले में स्वीमिंग पूल का निर्माण
xx) मधुगिरी में बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का निर्माण
xxi) ब्रह्मावरा तालुक, उदुपी जिले में बारहमासी स्वीमिंग पूल (50 मी x 25 मी) का निर्माण
xxii) ब्रह्मावरा तालुक, उदुपी जिले में बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का निर्माण
xxiii) हेजमदी, उदुपी जिले में बारहमासी स्वीमिंग पूल (50 मी x 25 मी) का निर्माण

*****